Chapter- 1

हम कुछ करके दिखलाएँगे

STUDY NOTES

विषय प्रतिपाद्य :

इस कविता के माध्यम से कवि बच्चों में मानवीय गुण तथा निराश लोगों में आशा का दीपक जलाने की प्रेरणा दे रहे हैं ।

१. कवि कहता है कि उसका शौक और इच्छा दोनों एक ही है कि उस दुनिया में कुछ करके दिखलाएँगे । इतना ही नहीं अपने देश के प्रति भी प्रेम वह दिखलाते है कि अपने देश के लिए अगर जान भी न्योछावर करने की बात आ गई तो उससे पीछे नहीं हटेंगे और हम अमरों में नाम लिखाएँगे ।

२. जो लोग गरीब, असहाय, भिखारी है के कारण किसी की छत्र-छाया प्राप्त नहीं है, हम उन लोगों को गले लगाएँगे और हम उनकी मदद करके उन्हे सुखी बनाएँगे ।

३. जो लोग अँधेरी में पडे हुए हैं अर्थात् अज्ञानता जो स्वयं को भुला बैठे हैं, जिन्हें अपनी उपस्थिति का अहसास नहीं है उन में उद्यम का दीप जलाएँगे ।

४. जो लोग हारकर बैठे हैं, अपनी आशा को मारकर बैठे हैं उन्हें फिर उत्साह, या जोश जगाना है ।

५. हम उन वीरों के बच्चे हैं जो अपनी लगन के पक्के और सच्चे हैं। हम उनका सम्मान बढ़ाएँगे और उनके बताए रास्ते पर चलके लुटाकर जगत में नाम कमाएँगे ।

अभ्यास के लिए

मौखिक

कम-से-कम शब्दों में उत्तर दीजिए –

१. प्रश्न-

क) कविता में कवि क्या इच्छा जगा रहा है ?

उ- कविता में कवि कुछ नवीन कार्य करने की इच्छा जगा रहा है ।

ख)कविता में कवि ने किसकी बात की है ?

उ-कविता में कवि ने मानवीय गुण और निराश लोगो में आशा का दीपक जलाने की बात की है ।

ग) कवि जब गरीब भिखारी को देखता है, तो क्या सोचना है ?

उ- कवि जब गरीब भिखारी को देखाता है तो उन्हें मदद करने की बात सोचता है ।

लिखित

१. निम्नलिखित भावों को दर्शानेवाली कविता की पंक्तियाँ लिखिए –

क) बेसहारा लोगों को अपना मित्र बनाएँगे ।

उ- जो लोग गरीब भिखारी हैं,
जिन पर न किसी की छाया है,
हम उनको गले लगाएँगे,
हम उनको सुखी बनाएँगे ।

ख) हम दृढ़ प्रतिज्ञा और वीर व्यक्तियों के बच्चे हैं ।

उ- हम उन वीरों के बच्चे हैं
जो धुन के पक्के सच्चे थे,
हम उनका नाम बढ़ाएँगे,
हम जग में नाम कमाएँगे ।।

२. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क) कवि अमरों के नाम लिखवाने की बात क्यों करता है ?

उ- कवि अमरों के नाम लिखवाने की बात करना है कवि का इच्छा और शौक एक ही है ।

ख) कवि के अनुसार गरीब और भिखारी के पास किस चीज की कमी है ?

उ- कवि के अनुसार गरीब और भिखारी के पास छत्र-छाया और सुख की कमी है ।

ग) कवि अम्मीद हार बैठे व्यक्तियों के लिए क्या करना चाहता हैं ?

उ- जो लोग उम्मीद हार बैठे है, अपनी आशा को मारकर बैठे हैं उनमें फिर उत्साह जगाता चाहता है अर्थात् उम्मीद के नए चिराग जलाना चाहता है)

३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए –

क) कविता में बालक किस दीपक को जलाने की बात कर रहे हैं तथा क्यों ?

उ- कविता में बालक उद्‌यम दीप को जलाने की बात कर रहे हैं क्योंकि कवि यहाँ दुखी-बेसहारा लोगों की बात कर रहा है जो अँधेरे में पड़े हुए हैं अर्थात् अज्ञानवस जो स्वयं को ही भुला बैठे हैं, जिहें अपनी उपस्थिति का भी एहसास नहीं हैं उदयम का दीप जलाना चाहता है ।

ख) कवि किसको गले लगाने की बात करता है और क्यों ?

उ- कवि समाज में गरीब-बेसहार, दुखी लोग है उन्हें गले लगाने की बात करता है क्योंकि जो लोग गरीब है, जिनके पास छत्र-छाया नहीं है उन्हे गले लगाकर बराबर का स्थान देना चाहता है और जो नितांत अभाव और निराश में डूबे हुए हैं उनकी मदद कर उन्हें सुखी बनाना चाहता है।

भाषा ज्ञान

१. उचित पर्यायवाची शब्दों को मिलान कीजिए ।

क) दुनिया	निर्धन
ख) गरीब	अंधकार
ग) अँधेरा	जोश
घ) उत्साह	आशा
ङ) उम्मीद	संसार

उ- क) दुनिया – संसार

ख) गरीब – निर्धन

ग) अँधेरा – अंधकार

घ) उत्साह – जोश

ङ) उम्मीद – आशा

२. नीचे दिए शब्दों को ध्यान से पढ़िए -

जग – संसार, जागना

हार – हारना, गले का हार

ऊपर लिखे एक ही शब्द के दो अलग-अलग अर्थ है । ऐसे शब्द अनेकार्थी शब्द कहलाते हैं । इन शब्दों का इस प्रकार वाक्य में प्रयोग कीजिए कि इनके दोनों अर्थ स्पष्ट हो जाएँ ।

क) जग – संसार – हम गरीबों की मदद करके जग में नाम कमाएँगे ।

जागना – मीरा नींद से जग गयी ।

ख) हार – हारना – शिवाजी ने मुगलों को हरा दिया था ।

गले का हार – मेरे पास एक हार है ।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

३. **उचित बहुवचन शब्द पर गोला लगाइए –**

क)	लोग	लोगों	लोगगप	लोग
ख)	गरीब	गरीबी	गरीबों	गरीबें
ग)	वीर	वीरों	वीरता	वीरागंना
घ)	बच्चा	बच्ची	बच्चे	बचपना
ङ)	मैं	हम	मैंने	हमारा

उ- क) लोगों ख) वीरों ग) हम घ) गरीबों ङ) बच्चे

४. **समान तुक वाले दो-दो शब्द कविता से ढूँढ़कर लिखिए –**

क) दिखलाएँगे –

ख) मानकर –

उत्तर- क) लिखाएँगे , लगाएँगे

ख) हारकर, मारकर

५. **निम्नलिखित शब्दों को संज्ञा के भेद के अनुसार लिखिए –**

श्यामा, भिखारी, सच्चाई, अमीरी, दिल्ली, बचपन, बच्चे, दीप, यमुना

क) व्यक्तिवाचक –

ख) जातिवाचक

ग) भाववाचक –

उ- क) दिल्ली, यमुना, श्यामा

ख) बच्चे, दीप, भिखारी

ग) सच्चाई, बचपन, अमीरी

***

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow